**आकाशवाणी**
**क्षेत्रीय समाचार एकांश**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**बुधवार 12.03.2025** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- **भारतीय सेना में अग्निवीर पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से शुरू।**
- **मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में सभी के सतत प्रयासों पर बल दिया।**
- **प्रदेश के किसानों की आजीविका बढ़ाने के साथ ही उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के लिए राज्य विश्वविद्यालयों में शोध कार्य जारी।**
- **कुमाऊं मंडल में खड़ी व बैठकी होली की धूम। राजधानी देहरादून समेत राज्य के अन्य हिस्सों में सजने लगे हैं बाजार।**

**अग्निवीर**

भारतीय सेना में अग्निवीर पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से शुरू हो गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी भारतीय सेना की वेबसाइट– joinindianarmay.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल है। सेना भर्ती कार्यालय अल्मोड़ा के निदेशक कर्नल महेश कुमार ने बताया कि अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में पहली बार सक्षम अभ्यर्थी एक साथ दो पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती का उद्देश्य भारतीय सेना में जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क और ट्रेड्समैन सहित विभिन्न पदों को भरना है।

**होली मिलन कार्यक्रम**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए सभी को निरन्तर प्रयास करने होंगे। आज देहरादून में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का पर्व समाज में सांस्कृतिक एकता को मजबूत करता है तथा सौहार्द की भावना को भी बल देता है। श्री धामी ने कहा कि सरकार देहरादून के प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को और बेहतर बनाने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सेनानी सम्मान योजना के तहत वार्डों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 3 पर्यावरण मित्रों को प्रतिमाह दस हजार रूपये देकर सम्मानित किया जा रहा है। श्री धामी ने कहा कि केदारपुरम में 5 करोड़ रूपये की लागत से साढ़े तीन हेक्टेयर भूमि पर योगा पार्क तथा यमुना कालोनी में डेढ़ करोड़ रूपये की लागत से पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने नगर निगम देहरादून में वित्तीय कार्यों में पारदर्शिता बनाये रखने के लिए बनाई गई ई–कोष वेबसाइट का भी लोकार्पण किया।

**ईट राइट इंडिया अभियान**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ भारत, सशक्त भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए राज्य सरकार ने फिट उत्तराखंड अभियान शुरू किया है। इस अभियान में तेजी लाने के लिए नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। इसके लिए नोडल अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ ही सभी सचिव, जिलाधिकारी, विभागाध्यक्ष व अन्य संबंधित अधिकारी पूर्ण समन्वय से कार्य करेंगे। इस संबंध में राज्य के स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार की ओर से सभी शिक्षण संस्थानों व विभागों को दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना को साकार करने का संकल्प लिया है। ईट राइट इंडिया अभियान के तहत युवाओं, शिक्षकों, अभिभावकों व आम जनता को संतुलित व पौष्टिक भोजन के महत्व से अवगत कराया जाएगा। यह संदेश राज्य के रेस्टोरेंट, भोजनालयों व मेस में भी प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि लोग सही पोषण के प्रति जागरूक हो सकें।

**''वन यूनिवर्सिटी–वन रिसर्च''**

''वन यूनिवर्सिटी–वन रिसर्च'' के अंतर्गत प्रदेश के किसानों की आर्थिकी और आजीविका को बढ़ाने के लिए व्यापक शोध किए जा रहे हैं। पौड़ी स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली, औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर परविंदर कौशल ने आज राजभवन में राज्यपाल गुरमीत सिंह से मुलाकात के दौरान ये जानकारी दी। प्रोफेसर कौशल ने बताया कि इस शोध का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ना, उत्पादन क्षमता में वृद्धि करना और राज्य की बागवानी और कृषि को नए आयाम देना है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियां सेब, अखरोट और शहद

उत्पादन के लिए अनुकूल हैं। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को इस शोध के व्यावहारिक क्रियान्वयन और गहन अनुसंधान को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह शोध प्रदेश के किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होने के साथ ही नीति निर्धारण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**होली**

कुमाऊं मंडल में इन दिनों खड़ी और बैठकी होली की धूम मची हुई है। चंपावत, बागेश्वर, अल्मोड़ा समेत कुमाऊं के अधिकांश इलाकों में होलियार पारंपरिक तरीके से होली मना रहे हैं। वहीं राज्य के अन्य हिस्से भी अब होली के रंगों से सजने लगा है। प्रदेशभर के बाजार रंगों और मिठाइयों से सजे हुए हैं, साथ ही लोग होलिका दहन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में आज पौड़ी के रामलीला मैदान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रामलीला मैदान में आयोजित होली मिलन समारोह में सतपुली के साथ ही अन्य क्षेत्रों से आए होल्यारों की टीमों ने होली के गीत गाकर पारंपरिक तरीके से होली मनाई। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे पर जमकर रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। पौड़ी के दूरस्थ विकासखण्ड थलीसैंण के सुदूरवर्ती राठ क्षेत्र के होल्यारों की टोली के मण्डल मुख्यालय पहुंचने पर क्षेत्रीय विधायक राजकुमार ने होल्यारों की टोली का स्वागत किया।

**वनाग्नि गोष्ठी**

बागेश्वर में वन विभाग के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय वनाग्नि गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि वनों की सुरक्षा में आम लोगों की अहम भूमिका है। वन क्षेत्राधिकारी श्याम सिंह करायत ने कहा कि जिले में अधिकांश वन क्षेत्र चीड़ के पेड़ों से आच्छादित होने के कारण वनाग्नि का खतरा हमेशा बना रहता है। उन्होंने कहा कि वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी को एकजुटता से कार्य करना होगा और इसके लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

**राफ्टिंग**

होली के त्यौहार को देखते हुए टिहरी में 14 मार्च को राफ्टिंग गतिविधियां बंद रहेंगी। इसके लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। सुरक्षा के दृष्टिगत नरेंद्र नगर के उप जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी ने थाना मुनि की रेती क्षेत्र के अंतर्गत तपोवन, शिवपुरी, ब्यासी, कौड़ियाला आदि क्षेत्रों में राफ्टिंग संबंधी सभी गतिविधियों के संचालन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है।

**त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव**

रुद्रप्रयाग जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए त्रुटिरहित, शुद्ध और परिपूर्ण निर्वाचक नामावलियों को तैयार करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान की अवधि बढ़ाकर 22 मार्च कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने बताया कि सभी संबंधित अधिकारियों को 22 मार्च तक त्रिस्तरीय पंचायत नामावलियों को त्रुटिरहित, शुद्ध और परिपूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।